# जीतू पटवारी पर की गई टिप्पणी पर जताई नाराजगी

## सार्वजनिक माफी की मांग, मुख्यमंत्री की टिप्पणी के विरोध में कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन



**नवभारत न्यूज**

**भिण्ड, 1 जून।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के संबंध में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा की गई कथित आपत्तिजनक टिप्पणी के विरोध में सोमवार को ग्रामीण कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष रामशेष बघेल के नेतृत्व में कांग्रेसजनों ने अपर कलेक्टर एल.के. पाण्डे को महामहिम राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा।

ग्रामीण कांग्रेस जिलाध्यक्ष रामशेष बघेल ने कहा कि लोकतंत्र में वैचारिक मतभेद स्वाभाविक हैं, लेकिन सार्वजनिक एवं संवैधानिक पदों पर आसीन व्यक्तियों से संयमित, मर्यादित एवं गरिमापूर्ण भाषा की अपेक्षा की जाती है। उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री द्वारा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के संबंध में की गई टिप्पणी लोकतांत्रिक मूल्यों, राजनीतिक शिष्टाचार एवं संवैधानिक मर्यादाओं के अनुरूप नहीं है।

**मुख्यमंत्री से सार्वजनिक रूप से माफी मांगने की मांग:** रामशेष बघेल ने कहा कि मुख्यमंत्री जैसे महत्वपूर्ण संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति को अपने शब्दों का चयन अत्यंत जिम्मेदारी और मर्यादा के साथ करना चाहिए। राजनीतिक विरोध अपनी जगह है, लेकिन व्यक्तिगत एवं आपत्तिजनक टिप्पणियां लोकतंत्र की स्वस्थ परंपराओं को कमजोर करती हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी इस प्रकार की अमर्यादित राजनीतिक भाषा का विरोध करती है और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से सार्वजनिक रूप से खेद व्यक्त कर माफी मांगने की मांग करती है।

**लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा का आग्रह:** ज्ञापन के माध्यम से कांग्रेस नेताओं ने महामहिम राज्यपाल से अनुरोध किया कि वे मामले को संज्ञान में लेते हुए मुख्यमंत्री को अपने वक्तव्य पर सार्वजनिक रूप से खेद व्यक्त करने एवं माफी मांगने के लिए आवश्यक परामर्श प्रदान करें, जिससे लोकतांत्रिक परंपराओं एवं संवैधानिक मूल्यों की गरिमा बनी रहे। कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि मुख्यमंत्री द्वारा खेद व्यक्त नहीं किया जाता अथवा माफी नहीं मांगी जाती, तो कांग्रेस पार्टी आंदोलन करेगी, जिसकी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

ज्ञापन सौंपने के दौरान जयश्री राम बघेल, नरोत्तम सिंह नरवरिया, नयन सिंह राजावत, ब्रजेंद्र सिंह कुशवाह (कल्लू), पंकज त्रिपाठी, संदीप मिश्रा, नईम पठान, सुंदर सिंह यादव, रामस्वरूप गोयल, अरविंद यादव हैवदपुरा, रामरतन यादव, अजय शर्मा, ओमवीर रजक, दीपचंद तिवारी, रामसिया राठौर, अभिलाख यादव, राघवेंद्र जाटव, रामजीलाल वाल्मीकि, राजेंद्र यादव, ग्याप्रसाद दिवाकर, संदीप बघेल, विवेक जामोर, अभिषेक मौर्य, अतुल यादव, बलराम यादव, गोपाल मिश्रा, यतेंद्र खरकिया, अरविंद सोनी, सोनू बौद्ध, बल्लू बौद्ध, मोहर सिंह सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# बारिश से पहले नालों की सफाई सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

## कलेक्टर ने समय-सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक



**नवभारत न्यूज**

**भिण्ड, 1 जून।** कलेक्टर किरोड़ी लाल मीणा की अध्यक्षता में समय-सीमा पत्रों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक कलेक्टर कार्यालय सभागार में आयोजित की गई। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत, अपर कलेक्टर, डिप्टी कलेक्टर सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहे, जबकि कई अधिकारी वर्चुअल माध्यम से शामिल हुए।

बैठक के दौरान कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन की लंबित शिकायतों की गहन समीक्षा करते हुए सभी विभागों के अधिकारियों को शिकायतों के समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सीएम हेल्पलाइन में 100 दिवस से अधिक समय से लंबित शिकायतों का सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर निराकरण सुनिश्चित किया जाए।

**एएनसी रजिस्ट्रेशन की प्रगति पर जताई चिंता:** स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने एएनसी (गर्भवती महिलाओं के पंजीयन) की प्रगति की जानकारी ली।

उन्होंने लक्ष्य के अनुरूप कम रजिस्ट्रेशन होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए सभी एसडीएम को निर्देश दिए कि वे बीएमओ एवं जनपद पंचायत के सीईओ के साथ बैठक कर समीक्षा करें। जिन हितग्राहियों का समग्र आईडी नहीं बना है, उनका समग्र पंजीयन कराया जाए तथा एएनएम रजिस्टर में उपलब्ध ऑफलाइन डाटा की शीघ्र ऑनलाइन एंट्री सुनिश्चित की जाए।

कलेक्टर ने जिले के सभी नगरीय निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों (सीएमओ) को निर्देशित किया कि वर्षा ऋतु प्रारंभ होने से पहले नाले-नालियों की सफाई का कार्य पूर्ण कर लिया जाए, ताकि बारिश के दौरान जलभराव की स्थिति उत्पन्न न हो। उन्होंने कहा कि सफाई के दौरान निकाले गए मलवे को नालों के किनारे नहीं छोड़ा जाए, बल्कि उसका समय पर उठाव भी सुनिश्चित किया जाए। बैठक में कलेक्टर ने सीएम मॉनिट, सीएस मॉनिट तथा टीएल पत्रों के निराकरण की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए।

# शिक्षाविद् डॉ. यादव, विश्व की 11 चुनिंदा विभूतियों में शामिल

### शिक्षा, समाजसेवा और राष्ट्र निर्माण में उत्कृष्ट योगदान के लिए मिलेगा 'भारत गौरव अवार्ड 2026'



**भिण्ड, 1 जून।** जिले के प्रतिष्ठित शिक्षाविद, समाजसेवी एवं पूर्व भारतीय इंडोर क्रिकेट कप्तान डॉ. विवेक यादव को शिक्षा, समाज सेवा एवं राष्ट्र निर्माण के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया जाएगा। संस्कृति युवा संस्थान द्वारा प्रदान किया जाने वाला प्रतिष्ठित 'भारत गौरव अवार्ड 2026' इस वर्ष डॉ. यादव को प्रदान किया जाएगा। सम्मान समारोह 10 जून को ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न स्थित विक्टोरियन पार्लियामेंट में आयोजित होगा। समारोह में विश्व की 11 विशिष्ट हस्तियों को सम्मानित किया जाएगा, जिनमें शिक्षा क्षेत्र से डॉ. विवेक यादव का नाम प्रमुख रूप से शामिल है। उनकी इस उपलब्धि से चंबल अंचल सहित पूरे प्रदेश में खुशी और गौरव का माहौल है।

**शिक्षा के क्षेत्र में रहा महत्वपूर्ण योगदान:** डॉ. विवेक यादव वर्तमान में सर मदनलाल ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन हैं। उनके नेतृत्व में ग्रामीण एवं अर्ध-शहरी क्षेत्रों के 10 हजार से अधिक विद्यार्थी प्राथमिक शिक्षा, प्रबंधन, सूचना प्रौद्योगिकी, नर्सिंग तथा मेडिकल शिक्षा के क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। इसके अलावा वे दिल्ली पब्लिक स्कूल इटावा तथा संत विवेकानंद पब्लिक स्कूल इटावा एवं भिंड के चेयरमैन के रूप में भी शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। डॉ. विवेक यादव ने शिक्षा के साथ-साथ खेल जगत में भी देश का नाम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है। वर्ष 2002 में न्यूजीलैंड के वेलिंगटन में आयोजित इंडोर क्रिकेट विश्व कप में उन्होंने भारतीय टीम की कप्तानी की थी। वहीं वर्ष 2004 और 2006 के विश्व कप में उप-कप्तान के रूप में भारत का प्रतिनिधित्व किया।

**पहले भी मिल चुके हैं अंतरराष्ट्रीय सम्मान:** डॉ. यादव को इससे पूर्व वर्ष 2019 में लंदन स्थित ब्रिटिश पार्लियामेंट हाउस ऑफ कॉमन्स तथा वर्ष 2024 में मॉरीशस में शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया जा चुका है। ऑस्ट्रेलिया में मिलने वाला यह तीसरा बड़ा अंतरराष्ट्रीय सम्मान उनके वैश्विक योगदान और उपलब्धियों को नई पहचान प्रदान करेगा। डॉ. विवेक यादव की इस उपलब्धि को भिंड जिले एवं चंबल अंचल के लिए गौरवपूर्ण क्षण माना जा रहा है। शिक्षा एवं सामाजिक क्षेत्र से जुड़े लोगों ने उन्हें बधाई देते हुए इसे पूरे क्षेत्र का सम्मान बताया है।

# श्रीवास सेन समाज की जिला स्तरीय बैठक 8 को

**भिण्ड, 1 जून।** श्रीवास सेन समाज की जिला स्तरीय बैठक का आयोजन 8 जून को प्रात: 11 बजे अटेर रोड स्थित धरई बंबा के पास गोविंद पैलेस में किया जाएगा। यह जानकारी समाज के जिलाध्यक्ष शंभूदयाल श्रीवास ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी। उन्होंने बताया कि बैठक में समाज में व्याप्त कुरीतियों, सामाजिक समस्याओं एवं समाज के विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। साथ ही वर्तमान जिला अध्यक्ष का कार्यकाल पूर्ण होने के उपरांत समाज की आगामी संगठनात्मक रूपरेखा तथा नए नेतृत्व के संबंध में सर्वसम्मति से निर्णय लिया जाएगा। बैठक के दौरान उपस्थित समाजबंधु अपने सुझाव एवं विचार रख सकेंगे, जिससे समाजहित में प्रभावी निर्णय लिए जा सकें और संगठन को और अधिक मजबूत बनाया जा सके।

**कल्याणपुरा हत्याकाण्ड**

# 14 माह बाद भी कार्रवाई न होने पर जताया आक्रोश

## एसपी सूरज वर्मा ने आरोपियों पर 50-50 हजार का इनाम किया घोषित, 15 दिन का दिया समय



**नवभारत न्यूज**

**भिण्ड, 1 जून।** अटेर विधानसभा क्षेत्र के कल्याणपुरा गांव में भूतपूर्व सैनिक हरिदास दैपुरिया की पत्नी सुशीला देवी की हत्या के मामले में 14 माह बाद भी आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने से नाराज भूतपूर्व सैनिकों ने सोमवार को एसपी कार्यालय पहुंचकर प्रदर्शन किया। जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए पूर्व सैनिकों ने मामले की निष्पक्ष जांच एवं शीघ्र कार्रवाई की मांग उठाई।

इंडियन वेटर्न ऑर्गनाइजेशन सैनिक संगठन के भिंड जिला अध्यक्ष सूबेदार कपिल शर्मा ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति में बताया कि प्रदर्शन के दौरान भिंड के एसपी से चर्चा की गई। इस दौरान एसपी ने मामले के आरोपियों पर 50-50 हजार रुपए का इनाम घोषित करने की जानकारी दी।

**सीबीआई जांच की मांग, एसपी ने मांगा समय:** प्रदर्शन के दौरान ग्वालियर जिला सैनिक संगठन के अध्यक्ष सूबेदार मेजर राम अवतार सिंह ने मामले में पूर्व में दिए गए आश्वासनों पर सवाल उठाते हुए सीबीआई जांच की मांग की। इस पर एसपी ने मामले की समीक्षा के लिए 15 दिन का समय मांगा।

**सोरा गांव के मामले को भी उठाया:** पूर्व सैनिकों ने पावई थाना क्षेत्र के सोरा गांव निवासी सेवारत सैनिक विकास शर्मा के पिता की मौत के मामले को भी उठाया। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि प्रारंभिक जांच में इसे आत्महत्या बताया गया था, जबकि न्यायालय के आदेश पर बाद में हत्या का मामला दर्ज किया गया। परिजनों ने इस मामले में निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए पावई थाना स्तर पर जांच नहीं कराए जाने की मांग रखी।

प्रदर्शन में शहीद परिवारों के सदस्य, विभिन्न सैनिक संगठनों के पदाधिकारी, भूतपूर्व सैनिक एवं समाजसेवी बड़ी संख्या में शामिल हुए। उपस्थित लोगों ने लंबित मामलों में शीघ्र कार्रवाई, निष्पक्ष जांच एवं दोषियों की गिरफ्तारी की मांग की। प्रदर्शन के दौरान इंडियन वेटर्न ऑर्गनाइजेशन के संभागीय अध्यक्ष कैप्टन अर्जुन यादव, ग्वालियर अध्यक्ष सूबेदार मेजर राम अवतार सिंह परमार, भूतपूर्व सैनिक संघ भिंड अध्यक्ष सूबेदार मेजर राकेश सिंह कुशवाह सहित विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी एवं सैकड़ों पूर्व सैनिक मौजूद रहे।



# मालनपुर शास. उच्चतर माध्य. विद्यालय में समर कैंप का रंगारंग समापन

### छात्रों ने खेलकूद संग उठाया गर्मियों का आनंद, प्राचार्य फोदल सिंह कुशवाह बोले- शिक्षा के साथ व्यक्तित्व विकास भी जरूरी

**मालनपुर, 1 जून।** स्थानीय शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 15 दिनों से संचालित समर कैंप का सोमवार, 1 जून को हर्षोल्लास के साथ समापन किया गया। समापन समारोह में विद्यालय के प्राचार्य फोदल सिंह कुशवाह, वरिष्ठ शिक्षिका दीपा सिंह भदौरिया एवं जमना ऑटो के ष्टस्क्रप्रभारी अभिषेक पांडे मुख्य रूप से मौजूद रहे।

**शिक्षा का महत्व समझाया :** इस अवसर पर प्राचार्य फोदल सिंह कुशवाह ने कहा, समर कैंप का उद्देश्य केवल पढ़ाई नहीं, बल्कि बच्चों का सर्वांगीण विकास करना है। खेल और रचनात्मक गतिविधियों से बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ता है। विद्यालय की वरिष्ट शिक्षिका एवं समर कैंप प्रभारी दीपा सिंह भदोरिया ने छात्रों को शिक्षा का महत्व समझाते हुए कहा कि मेहनत और लगन से ही जीवन में सफलता मिलती है।

जमना ऑटो कंपनी के सी एस आर प्रभारी अभिषेक पांडे ने छात्रों को शिक्षा का महत्व बताया और विद्यालय में हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया। कार्यक्रम के अंत में सभी छात्रों को जलपान वितरित किया गया। अभिभावकों ने भी विद्यालय द्वारा समर कैंप के सफल आयोजन की सराहना की और इसे बच्चों के लिए उपयोगी बताया।

# छह वर्षों से फरार दो स्थायी वारंटी किए गिरफ्तार



**नवभारत न्यूज**

**भिण्ड, 1 जून।** पुलिस अधीक्षक सूरज कुमार वर्मा के निर्देशन, नगर पुलिस अधीक्षक निरंजन सिंह राजपूत के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी देहात निरीक्षक शिवप्रताप सिंह राजावत के नेतृत्व में चलाए जा रहे फरार आरोपियों एवं स्थायी वारंटियों की धरपकड़ अभियान के तहत देहात थाना पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता मिली है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए पिछले छह वर्षों से फरार चल रहे दो स्थायी वारंटियों को गिरफ्तार कर लिया। दोनों आरोपी लंबे समय से गिरफ्तारी से बचने के लिए लगातार अपने ठिकाने बदल रहे थे और पुलिस की नजरों से बचने का प्रयास कर रहे थे।

**मुखबिर की सूचना पर की गई कार्रवाई :** पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई थी कि दोनों फरार वारंटी फूप क्षेत्र के सुरपुरा रोड पर कहीं जाने की फिराक में खड़े हैं। सूचना मिलते ही देहात थाना पुलिस की टीम सक्रिय हुई और मौके पर पहुंचकर घेराबंदी कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

**लगातार बदल रहे थे ठिकाने :** पुलिस अधिकारियों के अनुसार दोनों आरोपी शातिर प्रवृत्ति के हैं और पिछले छह वर्षों से फरार चल रहे थे। गिरफ्तारी से बचने के लिए वे लगातार अपने ठिकाने बदल रहे थे। पुलिस की सतत निगरानी, मुखबिर तंत्र की सक्रियता एवं टीम के समन्वित प्रयासों से उनकी गिरफ्तारी संभव हो सकी।

**न्यायालय में किया जाएगा पेश :** पुलिस ने दोनों गिरफ्तार वारंटियों के विरुद्ध आवश्यक वैधानिक कार्रवाई पूरी कर उन्हें न्यायालय में पेश करने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक शिवप्रताप सिंह राजावत, उपनिरीक्षक अजय यादव एवं प्रमोद तोमर, प्रधान आरक्षक रवि जादौन, शैलेन्द्र भदौरिया, दिलीप शाक्य, महेन्द्र यादव, धर्मेन्द्र यादव, ज्ञानेन्द्र मिश्रा, पंकज जयंत तथा मनीष जादौन की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# कलेक्ट्रेट परिसर में हुआ राष्ट्रीय गीत वंदेमातरम् का सामूहिक गायन

**भिण्ड, 1 जून।** सोमवार को माह जून की पहली तारीख के अवसर पर कलेक्ट्रेट परिसर भिंड में राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् का सामूहिक गायन किया गया। कार्यक्रम में अपर कलेक्टर भिंड, संयुक्त कलेक्टर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। निर्धारित परंपरा के अनुसार सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने एकत्र होकर राष्ट्रीय गीत वंदेमातरम् का सामूहिक गायन किया। राष्ट्रभक्ति एवं राष्ट्रीय एकता की भावना से ओतप्रोत वातावरण में आयोजित इस कार्यक्रम के उपरांत कार्यालयीन गतिविधियां प्रारंभ की गईं। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर कार्यालय भिंड में प्रत्येक माह की पहली तारीख को राष्ट्रीय गीत वंदेमातरम् के सामूहिक गायन की परंपरा का पालन किया जाता है। इसी क्रम में सोमवार को माह जून के प्रथम दिवस पर भी वंदेमातरम् गान का आयोजन किया गया, जिसमें अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने राष्ट्र के प्रति अपनी प्रतिबद्धता एवं सम्मान व्यक्त कर राष्ट्रीय गीत का सामूहिक गायन किया।





# बहुआ गांव में चौपाल : नशा मुक्ति, साइबर क्राइम व जमीन विवादों पर जागरूकता

**नवभारत न्यूज**

**मेहगांव, 1 जून।** एसडीओपी एवं थाना प्रभारी मेहगांव ने ग्राम बहुआ में चौपाल लगाकर ग्रामीणों को नशा मुक्ति, साइबर क्राइम बसों में आए दिन हो रहे झगड़े तथा जमीन संबंधी विवादों से बचाव के बारे में जागरूक किया मौके पर एसडीओपी संजय कोच्छा एवं थाना प्रभारी महेश शर्मा ने नशे के दुष्प्रभाव, परिवार और समाज पर पड़ने वाले नुकसान तथा उपचार व पुनर्वास के विकल्प बताए। साइबर क्राइम के प्रति सतर्कता, संदिग्ध लिंक न खोलने तथा ऑनलाइन ठगी की रिपोर्टिंग के आसान तरीकों की जानकारी दी गई। जमीन विवादों में कानूनी दस्तावेज़ों के महत्व, जमीन के रिकॉर्ड की जाँच और विवाद होने पर संबंधित प्रशासनिक व न्यायिक मार्ग अपनाने का सुझाव दिया गया। नेशनल हाईवे 719 पर आए दिन बस वालों से झगड़ों की शिकायतें मिलती हैं थाना प्रभारी महेश शर्मा ने गांव बालों को समझाइश दी बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने चौपाल में भाग लिया और अपने प्रश्नों पर स्पष्ट जानकारी पाई। अधिकारियों ने आगे भी समय-समय पर ऐसी पहल जारी रखने का भरोसा दिलाया।

# सिंहस्थ-2028 ड्यूटी प्रशिक्षण के प्रथम बैच का शुभारंभ

**एसपी सूरज कुमार वर्मा ने दीप प्रज्ज्वलित कर लिया उद्घाटन**



**83 अधिकारी-कर्मचारियों को दिया जाएगा विशेष प्रशिक्षण**

**नवभारत न्यूज**

**भिण्ड, 1 जून।** पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा अनुमोदित सिंहस्थ-2028 ड्यूटी के लिए आयोजित 06 दिवसीय प्रशिक्षण कोर्स के प्रथम बैच का शुभारंभ सोमवार को पुलिस कंट्रोल रूम भिंड में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन एसपी सूरज कुमार वर्मा ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण, पूजन एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया।

पुलिस मुख्यालय से प्राप्त विस्तृत प्रशिक्षण कार्यक्रम के अनुसार यह प्रशिक्षण एसपी सूरज कुमार वर्मा के निर्देशन, एएसपी एवं नोडल अधिकारी संजीव कुमार पाठक के मार्गदर्शन तथा डीएसपी मुख्यालय दीपक तोमर की देखरेख में संचालित किया जा रहा है। सिंहस्थ-2028 को ध्यान में रखते हुए तैयार किए गए इस प्रशिक्षण कार्यक्रम की अवधि 20 सप्ताह निर्धारित की गई है। प्रत्येक सप्ताह सोमवार से शनिवार तक प्रशिक्षण आयोजित किया जाएगा। इसमें जिला पुलिस बल, 17वीं वाहिनी विशेष सशस्त्र बल (एसएएफ), होमगार्ड, एसडीआरएफ, रेडियो शाखा एवं विशेष शाखा के अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल होंगे। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिदिन सुबह 7 बजे से 8 बजे तक पीटी, योग एवं मेडिटेशन कराया जाएगा। इसके बाद नाश्ता अवकाश के उपरांत सुबह 10 बजे से शाम 4:30 बजे तक विषय विशेषज्ञ अधिकारियों एवं आमंत्रित फैकल्टी द्वारा कक्षाओं का संचालन किया जाएगा। प्रशिक्षण में पीपीटी एवं फिल्म प्रदर्शन के साथ व्याख्यान, परिचर्चा एवं संवाद आधारित शिक्षण पद्धति अपनाई जाएगी।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एसपी सूरज कुमार वर्मा ने सिंहस्थ-2028 के लिए समय से पूर्व प्रारंभ किए गए प्रशिक्षण की महत्ता और उद्देश्य पर प्रकाश डाला। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को फिटनेस, अनुशासन, भीड़ नियंत्रण, यातायात प्रबंधन, आमजन से व्यवहार, संचार व्यवस्था, आवास प्रबंधन तथा आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने सिंहस्थ कुंभ के ऐतिहासिक, धार्मिक एवं सामाजिक महत्व, शाही स्नान तथा अखाड़ों की परंपरा से संबंधित विषयों पर भी विस्तार से जानकारी साझा की।

**83 अधिकारी-कर्मचारी शामिल:** प्रशिक्षण के प्रथम बैच में जिला पुलिस बल के 71, एसएएफ के 5, होमगार्ड के 5, विशेष शाखा का 1 तथा रेडियो शाखा का 1 अधिकारी-कर्मचारी शामिल किया गया है। कुल 83 अधिकारी एवं जवान प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे।

# कलेक्टर ने ईंट भट्टों और कृषि फार्मों के निरीक्षण के दिए निर्देश



**भिण्ड, 1 जून।** कलेक्टर किरोड़ी लाल मीणा की अध्यक्षता में बालश्रम जिला टास्क फोर्स एवं बंधक श्रम जिला सतर्कता समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। बैठक में बाल श्रमिकों की पहचान, विमुक्तिकरण एवं बंधक श्रम उन्मूलन के संबंध में विस्तृत समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

बैठक में कलेक्टर ने श्रम विभाग के अधिकारियों एवं टास्क फोर्स के सभी सदस्यों को निर्देशित किया कि जिले में बाल श्रमिकों की पहचान एवं विमुक्तिकरण के लिए प्रभावी प्रयास किए जाएं। उन्होंने कहा कि गैर-खतरनाक कार्यों में किशोर श्रमिकों को नियोजित करने वाले संस्थानों को बालश्रम कानूनों एवं श्रमिक अधिकारों के प्रति जागरूक करने के लिए समय-समय पर जनजागरूकता अभियान संचालित किए जाएं।

**हैल्पलाइन और पेंसिल पोर्टल के प्रचार-प्रसार पर जोर:** कलेक्टर ने मप्र श्रमिक हेल्पलाइन 1800-233-8888 तथा पेंसिल पोर्टल का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बालश्रम एवं किशोर श्रमिकों के नियोजन संबंधी शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई के लिए आमजन को इन माध्यमों की जानकारी उपलब्ध कराई जाए।

**ईंट उद्योगों और कृषि फार्मों का होगा निरीक्षण:** बंधक श्रमिकों की पहचान एवं विमुक्तिकरण के संबंध में कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जिले में संचालित सभी ईंट उद्योगों एवं कृषि फार्मों का नियमित निरीक्षण किया जाए। उन्होंने संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए बंधक श्रम जैसी कुप्रथा के उन्मूलन के लिए प्रभावी कदम उठाने के निर्देश दिए।

**प्रवासी श्रमिकों का पंजीयन सुनिश्चित करने के निर्देश:** बैठक में यह भी निर्देशित किया गया कि पंचायत सचिवों एवं वार्ड प्रभारियों के माध्यम से अन्य राज्यों से जिले में आने वाले प्रवासी कर्मकारों का प्रवासी श्रमिक पोर्टल पर पंजीयन सुनिश्चित किया जाए। इससे श्रमिकों को शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल सकेगा तथा उनके अधिकारों का संरक्षण भी सुनिश्चित होगा। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत भिंड, अपर कलेक्टर, डिप्टी कलेक्टर, अध्यक्ष बाल कल्याण समिति, धरती संस्था भिंड के जिला समन्वयक, श्रम निरीक्षक एवं श्रम उपनिरीक्षक सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।


## सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि हमारी कम्पनी राज सैलो कैम प्रोडक्ट प्रा.लि. प्लॉट नं I/4 एवं I/6 एवं औद्योगिक क्षेत्र मालनपुर जिला भिण्ड म.प्र. की मूल पट्टा लीजडीड (दस्तावेज) रजिस्ट्रेशन क्रमांक-1342 जिसका ग्रंथ नम्बर 2137 है। मालनपुर चौराहे के आसपास गिर गई है यदि किसी व्यक्ति को मिले तो कृपया लीजडीड दस्तावेज वापस करने का कष्ट करें।

संपर्क
अशोक सिंह (मैनेजर)
मोबा. 9893399748


## प्रथम पृष्ठ का शेष

इस केस का खुलासा होने पर पुलिस ने एफआईआर भी दर्ज कीँ थी। जिसमें राधा चौबे, भूपेन्द्र धाकड़ मुख्य आरोपी थे। बताया जा रहा है कि इस अपराध में राधा और भूपेन्द्र गिरफ्तार होने के बाद जेल की हवा खाकर करीब 3 महीने पहले रिहा हुए थे।

**डेढ़ साल की बेटी का पिता था भूपेन्द्र :** जानकारी के अनुसार मृतक भूपेन्द्र धाकड़ की शादी करीब 3 साल पहले विजयपुर तहसील के गांव निवासी सरस्वती के साथ हुई थी। भूपेन्द्र को सरस्वती से डेढ़ साल की बेटी भी है। भूपेन्द्र के पिता किसान है, परिवार में उसका एक छोटा भाई भी है। बताया जा रहा है कि विगत कुछ सालों से भूपेन्द्र ग्वालियर में रह रहा था, इसी दौरान वो राधा चौबे के संपर्क में आया और दोनों के बीच प्रेम संबंध बन गए थे।





**मृतक भूपेन्द्र का वीडियो वायरल, पिता को बताया जिम्मेदार :** कथित प्रेमिका के साथ खुदकुशी करने वाले भूपेन्द्र का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस वीडियो में भूपेन्द्र अपनी मौत के लिए पिता को जिम्मेदार ठहरा रहा है। उसके द्वारा अपने पिता के पुत्रवधु के साथ अनैतिक रिश्ते होने के आरोप भी लगाए जा रहे हैं।